**Patrika (Indore), 15th July 2026, Page – 18 (Front Page – plus 08)**

**बेंगलूरु में बैठक : 28 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि हुए शामिल**

# उद्योगों के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करेगा आइआइटी इंदौर, चुनौतियों पर होगा विचार-विमर्श



**इंदौर @ पत्रिका.** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर ने उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को राष्ट्रीय स्तर पर अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए बेंगलूरु में छठी उद्योग बैठक (सीआइसी-सीएसआर) का आयोजन किया। इंदौर और नई दिल्ली में आयोजित पूर्व की पांच सफल बैठक के बाद आयोजित बैठक में बेंगलूरु तथा आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों की 28 अग्रणी औद्योगिक इकाइयों के लगभग 50 वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आइआइटी इंदौर एवं उद्योग जगत के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को प्रोत्साहित करना, उभरते हुए अनुसंधान अवसरों की पहचान करना, उद्योगों के जटिल तकनीकी एवं व्यावहारिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना तथा नवाचार-आधारित एवं व्यावसायिक रूप से तकनीकी समाधानों के संयुक्त विकास को बढ़ावा देना था। इस पर आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी ने संस्थान की अनुसंधान क्षमताओं, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तथा उद्योगों के साथ सहयोग के अवसरों पर प्रकाश डाला।